**दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनांक 22.09.2025**

# एडीजी बोले- यह अभियान नहीं, सामाजिक क्रांति

- नारी मिशन शक्ति के पांचवें चरण के शुभारंभ पर नारी सुरक्षा, सम्मान के लिए निकाली बाइक रैली
- अधिकारियों ने रिजर्व पुलिस लाइंस से हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

जागरण संवाददाता, बरेली : रविवार से मिशन शक्ति फेज पांच का बाइक रैली के साथ शुभारंभ किया गया। इस रैली को एडीजी रमित शर्मा, डीआइजी अजय कुमार साहनी, डीएम अविनाश सिंह, एसपी साउथ अंशिका वर्मा आदि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जिसने समाज के हर वर्ग तक नारी सशक्तिकरण का संदेश पहुंचाया।

कार्यक्रम में एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति है, जो महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्यरत है। डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि सोमवार से शारदीय नवरात्रि शुरू हो रहे हैं। सभी मंदिरों में तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने कहा किसी भी माता, बहन, बेटी को कोई दिक्कत नहीं हो या उनके साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं हो। इसके दृष्टिगत महिलाओं को सुरक्षा का एहसास कराने के को मिशन शक्ति फेज-पांच का शुभारंभ किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान के अंतर्गत महिला बीट अधिकारी, एंटी रोमियो टीम और महिला सुरक्षा विशेष दल गांवों, कस्बों, बाजारों, स्कूल-कालेजों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाएंगे। इसके अतिरिक्त, साइबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए महिलाओं और बालिकाओं को इंटरनेट मीडिया के सुरक्षित उपयोग, आनलाइन फ्राड और साइबर अपराध से बचाव के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इस मौके पर एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी नार्थ मुकेश मिश्र, एसपी ट्रैफिक अकमल खान, सीओ द्वितीय सोनाली मिश्रा आदि मौजूद रहे।




पुलिस लाइन से मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी शक्ति एवं नारी स्वावलंबन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एडीजी रमित शर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह ● सौ. सूचना विभाग

हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनांक 22.09.2025

# महिला सशक्तिकरण रैली निकाली

**बरेली, मुख्य संवाददाता।** महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार के मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत रविवार को जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया।

पुलिस लाइन से निकाली गई इस रैली को एडीजी जोन रमित शर्मा, डीआईजी अजय साहनी और डीएम अविनाश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी और लोगों को महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। इस रैली में महिला पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। एसपी साउथ अंशिका वर्मा, सीओ सोनाली मिश्रा और एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने भी सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई। एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर बनाने की सामाजिक क्रांति है। पुलिस विभाग ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। नागरिकों से अपील की कि आपात स्थिति में 1090, 112, 1076, 1930, 181, 102, 108 और 101 जैसे हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें। डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि नवरात्रि पर्व को देखते हुए मिशन शक्ति का शुभारंभ किया गया है ताकि मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं को सुरक्षित माहौल मिल सके। बाइक रैली से आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का संचार होगा। अभियान के तहत महिला बीट अधिकारी, एंटी रोमियो टीम और महिला सुरक्षा दल गांव, कस्बा, बाजार, स्कूल-कॉलेज और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता बढ़ाने का कार्य करेंगे।




पुलिस लाइन से रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते एडीजी अन्य अधिकारी।

# अमृत विचार जनपद बरेली दिनांक 22.09.2025

## नारी सुरक्षा, सम्मान के लिए निकाली बाइक रैली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एडीजी रमित शर्मा बोले, मिशन शक्ति केवल अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति, शहर में जगह-जगह किया गया स्वागत



रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पुलिस और प्रशासनिक अफसर।

**अमृत विचार**: प्रदेश सरकार के 'मिशन शक्ति अभियान फेज-5' के तहत रविवार को महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए पुलिस लाइन से बाइक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को एडीजी रमित शर्मा, डीआईजी अजय कुमार साहनी, डीएम अविनाश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर प्रमुख मार्गों से गुजरी। रैली में महिला पुलिस अधिकारी, कर्मचारी व नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा और सीओ सिटी द्वितीय सोनाली मिश्रा ने रैली में भाग लिया। एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति है, जो महिलाओं, बालिकाओं को सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्यरत है। डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि सोमवार से शारदीय नवरात्रि शुरू हो रहें है। इसके लिए सभी मंदिरों में तैयारियां की गई है। एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसपी उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्र, एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान, सीओ आशुतोष शिवम समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### गांव, कस्बों व स्कूल कॉलेज के आसपास चलेगा अभियान

अभियान के तहत महिला बीट अधिकारी, एंटी रोमियो टीम और महिला सुरक्षा विशेष दल गांवों, कस्बों, बाजारों, स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाएंगे। इसके अलावा साइबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए महिलाओं और बालिकाओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर अपराध से बचाव के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# आज समाचार सेवा जनपद बरेली दिनांक 22.09.2025

## नवरात्र में महिलाओं की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति पुलिस रैली का आयोजन



बरेली (आज समाचार सेवा)। रविवार को मिशन शक्ति फेज 5 के तहत बरेली की पुलिस लाइन्स परेड ग्राउंड से रैली का आगाज का किया गया। इस अवसर पर महिला पुलिस अधिकारियों और महिला पुलिस कर्मियों द्वारा बरेली शहर के 10 पॉइंट पर पहुँचकर महिलाओं को जागरूक करने का काम करेगी। रैली को एडीजी जोन रमित शर्मा, डीआईजी रेंज अजय कुमार साहनी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने मिशन शक्ति रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा है मिशन शक्ति फेज 5 के जरिये महिला सुरक्षा को बल मिलेगा, कल से शुरू हो रहे नवरात्र में नारी शक्ति के अधिकारों को जन जन तक पहुचाने का काम होगा। वही एडीजी रेंज रमित शर्मा ने मिशन शक्ति के जरिए लगातार यह प्रयास रहेंगा की महिलाओं के अधिकारो और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित बनी रहे।

दैनिक शाह टाइम्स जनपद बरेली दिनांक 22.09.2025

# बरेली में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए भव्य बाइक रैली का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए जनपद बरेली में एक भव्य जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन रमित शर्मा, पुलिस उपमहानि. रीक्षक, बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी, जिलाधिकारी, बरेली अविनाश सिंह सहित अन्य प्रशास. निक और पुलिस अधिकारियों ने रिजर्व पुलिस लाइन, बरेली से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर बरेली नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जिसने समाज के हर वर्ग तक नारी सशक्तिकरण का संदेश पहुँचाया। रैली में महिला पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अंशिका वर्मा एवं क्षेत्राधिकारी (नगर द्वितीय) सोनाली मिश्रा व अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, उप जिलाधिकारीगण ने बाइक रैली में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे महिला सशक्तिकरण के इस अभियान को और बल मिला।

इस अवसर पर अपर पुलिस महा. निदेशक रमित शर्मा ने कहा कि मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति है, जो महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्यरत है।



पुलिस विभाग ने महिलाओं और बालिकाओं के प्रति अपराधों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। नागरिकों से अपील की गई कि वे आपात स्थिति में वूमेन पावर लाइन 1090, इमरजेंसी सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, 1930, 181, 102, 108, 101 जैसे हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें। जनपद के सभी थानों पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहाँ महिला पुलिस कर्मी पीड़िताओं को सम्मानजनक व्यवहार और त्वरित विधिक सहायता प्रदान करेंगी। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि कल से शारदीय नवरात्रि आरम्भ हो रहें है, समस्त मंदिरों में युद्ध स्तर पर तैयारियां आरम्भ हो गयी हैं। मंदिरों में माताओं, बहनों, बेटियों को कोई दिक्कत न हो या उनके साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार न हो, इसी के दृष्टिगत महिलाओं को सुरक्षा का एहसास कराने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज-5 का शुभारम्भ किया गया है, और आज ये बाइक रैली निकाली गयी है। इसके माध्यम से आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का संचार होगा। अभियान के अंतर्गत महिला बीट अधिकारी, एंटी रोमियो टीम और महिला सुरक्षा विशेष दल गाँवों, कस्बों, बाजारों, स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाएंगे। इसके अतिरिक्त, साइबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए महिलाओं और बालिकाओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर अपराध से बचाव के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। आगामी दिनों में जनपद बरेली में मिशन शक्ति 5.0 के तहत नुक्कड़ नाटक, संवाद गोष्ठियाँ और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन प्रयासों से महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अंशिका वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) मुकेश चन्द्र मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) मो. अकमल खान, क्षेत्राधिकारी (नगर द्वितीय) सोनाली मिश्रा, क्षेत्राधिकारी (हाईवे) शिवम आशुतोष और क्षेत्राधिकारी (नगर प्रथम) आशुतोष शिवम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवरात्र में महिलाओं की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति पुलिस रैली का आयोजन

गंभीर न्यूज़ संवाददाता

बरेली । रविवार को मिशन शक्ति फेज 5 के तहत बरेली की पुलिस लाइन्स परेड ग्राउंड से रैली का आगाज का किया गया। इस अवसर पर महिला पुलिस अधिकारियों और महिला पुलिस कर्मियों द्वारा बरेली शहर के 10 पॉइंट पर पहुँचकर महिलाओं को जागरूक करने का काम करेगी। रैली को एडीजी जोन रमित शर्मा, डीआईजी रेंज अजय कुमार साहनी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने मिशन शक्ति रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा है मिशन शक्ति फेज 5 के जरिये महिला सुरक्षा को बल मिलेगा, कल से शुरू हो रहे नवरात्र में नारी शक्ति के अधिकारों को जन जन तक पहुचाने का काम होगा।

वही एडीजी रेंज रमित शर्मा ने मिशन शक्ति के जरिए लगातार यह प्रयास रहेंगा की महिलाओं के अधिकारो और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित बनी रहे। उस दौरान एडीजी रमित शर्मा , डीआईजी अजय कुमार साहनी , जिला अधिकारी अविनाश सिंह , एडीएम सिटी , सौरभ दुबे, एसपी देहात अंशिका वर्मा दक्षिणी , एसपी देहात मुकेश चंद मिश्र उत्तरी, सीओ प्रथम आशुतोष शिवम, सीओ थर्ड पंकज श्रीवास्तव , सीओ द्वितीय सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।







